आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताये–डिजिटल सुरक्षा के उपाय। कहा– डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी को रोकने के लिये सभी जांच एजेंसियां मिलकर कर रही हैं काम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आज से पन्द्रह नवम्बर तक बिजली कटौती से मुक्त रहेंगे प्रदेश के सभी जिले। निर्बाध विद्युत अपूर्ति के लिये पावर कार्पोरेशन ने किये इंतजाम।
- प्रदेश सरकार शुरू करेगी ''पर ब्लॉक वन क्रॉप'' योजना। हर ब्लॉक में क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार विशेष फसल का होगा चयन।
- अयोध्या में नये कीर्तिमान के साथ भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारियां जोरों पर। आज पूरा हो जायेगा घाटों पर अट्ठाइस लाख दीये बिछाने का काम।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों से की जा रही धोखाधड़ी से बचने के उपाय साझा किये। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिये सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की।

***मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं, रुको सोचो एक्शन लो। कॉल आते ही संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें दूसरा चरण है–सोचो, कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है न ही ऐसे पैसा की मांग करती है और तीसरा चरण कहता हूं– एक्शछन लो, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें परिवार और पुलिस को सूचित करें।***

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को भी ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल की 150वीं जंयती इस महीने की 31 तारीख को है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनायी जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती होने से रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्टूबर की बजाए 29 अक्टूबर को आयोजित होगी। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

**********

प्रदेश के लोगों को आज से पन्द्रह नवम्बर तक बिजली कटौती से परेशान नहीं होना पड़ेगा। दीपावली और अन्य त्यौहारों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पावर कार्पोरेशन ने शहर से गांव तक चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के इंतजाम किये हैं। कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि धनतेरस, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा से लेकर पन्द्रह नवम्बर तक प्रदेश को बिजली कटौती से मुक्त रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है तो फाल्ट को न्यूनतम समय में ठीक करने के निर्देश दिय गये हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के 69 हजार 195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 में उनकी सरकार ने संस्कृत विद्यालयों की मान्यता बहाल कराई इससे छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले केवल तीन सौ विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने संस्कृत के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए आयु सीमा का प्रतिबंध हटा दिया है। अब हर संस्कृत के विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। इस भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।

***संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है और इसको उसी रूप में आगे बढ़ाने के लिए हम लोगों को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। आज के प्रत्येक समय संस्कृत का उपयोग किस रूप में हम आगे बढ़ा सकते हैं इसको भारतीय संस्कृत की दृष्टि से भी, वैज्ञानिक भाषा है, इस***

*दृष्टि से भी और ज्ञान–विज्ञान की इस भाषा को हम आने वाले समय में भारत की विरासत और भारत की ज्ञान की धरोहर के रूप में मजबूती के साथ आगे बढ़ा सकें, इसके लिए अब युद्धस्तर पर लग करके कार्य करने की आवश्यकता है।*

वाराणसी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कल एयरपोर्ट रोड स्थित हरहुआ के काजी सराय क्षेत्र में इक्यावन फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन–पूजन किया।

**********

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन और कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने के लिये पर ब्लॉक वन क्रॉप योजना शुरू की जा रही है। कल लखनऊ में इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसके तहत हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जायेगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे अधिक उपयुक्त होगा। इस योजना के तहत किसानों को एक ही प्रकार की फसल उगाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा, जिससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा और उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी।

**********

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि खरीफ विपणन मौसम 2024–25 के लिए निर्धारित 185 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदारी की जाएगी। नई दिल्ली में श्री जोशी ने कहा कि चावल मिल मालिकों की शिकायत का निवारण करने के लिए एक ऑनलाईन पोर्टल की शुरूआत जल्द होगी। उन्होंने अनाज भंडारण की कमी संबंधी अफवाहों का खंडन भी किया।

**********

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने कल अपने विधानसभा क्षेत्र प्रयागराज से शहर दक्षिणी के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की। श्री नंदी ने इन बच्चों को लखनऊ के वाटर पार्क का भ्रमण कराने के बाद एक बड़े मॉल में दीपावली की मन पसंद खरीदारी करायी।

**********

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित होने वाले पहले दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिये जोरदार तैयारियां की जा रही है। तीन दिवसीय दीपोत्सव में इस बार 28 लाख दीपक बिछाकर 25 लाख दीपक प्रज्जवलित करने का नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। सरयू तट के विभिन्न घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपक बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रोफेसर संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपकों के बिछाने का कार्य आज देर शाम तक पूरा कर लिया जायेगा। कल से घाटों पर लगे दीपकों की गणना की जायेगी। उधर, श्रीराम लला के मंदिर को विशेष रूप से तैयार दीपकों से सजाया जा रहा है। ये विशेष दीपक देर तक जगमग रहेंगे और इनसे कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के 14 वर्ष वनवास काटकर वापस आने की प्रतीक्षा में सज धज कर तैयार हो रही अयोध्या आनंदित है,प्रफुल्लित है और अपने आराध्य के आगमन की आहट से ही अनूठी छटा बिखेरती जा रही है,राम की पैड़ी और सरयू तट के साथ ही आसपास के मार्ग रोशनी से जगमगाने लगे हैं,टिमटिमाती रोशनी अयोध्या के त्रेता काल के सौंदर्य को दर्शा रही है,तो राम की पैड़ी के साथ ही सरयू तट के 55 घाट पर 30000 वॉलिंटियर 28 लाख दिया बिछाकर एक नया कीर्तमान स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं, वॉलिंटियर उत्साह और उमंग से लबरेज हैं,कह रहे हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव है, इससे हममें अलग ही उत्साह है, उधर रामलला मंदिर को गमकते फूलों और टिमटिमाते झालरों से सजाया जा रहा है, जिसका सौंदर्य 29 अक्टूबर से लेकर 4 दिनों तक देर रात्रि तक भक्त देख सकेंगे। तनमय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मेरठ में नये विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये प्राधिकरण पत्र प्रदान किया गया है। इस सम्बन्ध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्राधिकरण पत्र के साथ अब यह विश्वविद्यालय अपनी संचालन प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकेगा। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिये तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

**********